## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**कटनी।** विजयराघवगढ़ क्षेत्र में गत शाम हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। एक तेज रफ़्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक अन्य बाईक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम देवसरी निवासी डॉ कामता पटेल ग्राम टीकर में डिस्पेंसरी चलाते थे। रविवार शाम लगभग 8 बजे वे डिस्पेंसरी बंद करके एक अन्य व्यक्ति के साथ अपनी बाईक से अपने गांव देवसरी लौट रहे थे तभी विजयराघवगढ़ शासकीय अस्पताल के समीप कटनी की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें तत्काल समीप स्थित शासकीय सामुदायिक केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय कटनी रिफर कर दिया गया। हादसे के बाद कार ड्राईवर कार को मौके पर छोड़कर सीधे थाने पहुंच गया था। पुलिस ने हादसे में मृत डॉ कामता पटेल का पोस्टमार्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मामला दर्ज कर कार्यवाही की जा रही।

### आज होगी जिला कौशल समिति की बैठक

**कटनी।** जिला कौशल समिति की बैठक मंगलवार 18 नवंबर को शाम 5 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कटनी के प्राचार्य तथा सचिव जिला कौशल समिति ने जिला पंचायत कटनी सीईओ, आयुक्त नगर पालिक निगम, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला श्रम अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, लीड बैंक मैनेजर सहित समिति के सभी सदस्यों को नियत समय पर अपने-अपने विभाग की जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### यूनिटी मार्च आज, सांसद व्हीडी शर्मा होंगे शामिल

**स्लीमनाबाद।** राष्ट्रीय एकता के प्रतीक, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर स्लीमनाबाद में दोपहर 3 बजे यूनिटी मार्च के तहत पदयात्रा निकाली जाएगी!यूनिटी मार्च मै खजुराहो सांसद वी डी शर्मा शामिल होंगे। यूनिटी मार्च के तहत पदयात्रा दोपहर 3 बजे स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय से प्रारम्भ होगी जिसका समापन शासकीय सांदीपनी विद्यालय स्लीमनाबाद में होगा। विधायक प्रणय पांडेय ने यूनिटी मार्च के तहत आयोजित पदयात्रा मै शामिल होकर एक भारत श्रेष्ठ भारत ओर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूत करने की अपील की है।

### ठंडी और शीतलहर से बचाव एवं सुरक्षा के लिए जारी की गई एडवाइजरी

# ठंड का सितम: शीत हवाओं से बढ़ने लगा गलाव, बचाव के लिए जलने लगे अलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सर्दी का मौसम अब धीरे धीरे लोगों को ठिठुराने लगा है। शीतल हवाओं से कंपकंपी छूटने लगी है। ठंड से बचाव के लिए दिन भर लोग गर्म कपड़ों से ढंके नजर आने लगे हैं। मौसम साफ होने से दिन में लोग धूप का आनंद ले रहे हैं जबकि सुबह एवं शाम ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लिया जा रहा है। नगर के सार्वजनिक स्थलों, बस स्टैण्ड, स्टेशन परिसर सहित तिराहे व चौराहों में लोगों के लिए प्रशासनिक स्तर पर अलाव जलाने के लिए लकड़ियों की व्यवस्था की गई है ताकि ठंड की वजह से किसी का स्वास्थ्य न बिगड़ने पाये।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने ठंडी से बचाव के लिए जिलेवासियों को सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और अस्पतालों को सतर्क रहने और समय पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने अस्पतालों में ठंडी से बीमार लोगों के उपचार व्यवस्था को कारगर और प्रभावी बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा जिला चिकित्सालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व उपस्वास्थ्य केन्द्रों में समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही शीतघात और हाइपोथर्मिया से उत्पन्न स्वास्थ्य समस्याओं की त्वरित पहचान और प्राथमिक उपचार की समुचित व्यवस्था सभी अस्पतालों में करने के लिये कहा गया है।

#### सुरक्षात्मक उपाय एवं सावधानियाँ

स्थानीय स्तर पर संचार माध्यमों से मौसम संबंधी पूर्वानुमानों के प्रति जागरूक रहने की नागरिकों को सलाह दी गयी है। मौसम के पूर्वानुमानों का पालन करें। शीतलहर के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और घर के अंदर ही रहें। ठंड में लंबे समय तक बाहर न रहें। ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनकर सिर, गर्दन, हाथ और पैरों को ढककर रखें। विटामिन सी युक्त फल और सब्जियां खाएं और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए गर्म तरल पदार्थों का सेवन करें। आस-पड़ोस में रहने वाले वृद्धजनों और बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नाक बहना, नाक बंद होना, फ्लू और नाक से खून आने जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें।

#### बंद कमरों में अंगीठी और कोयले का उपयोग न करें

कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा बंद कमरों में अंगीठी या फायर पॉट का उपयोग करने से होता है, जिससे जान का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बंद कमरों में अंगीठी फायर पॉट का प्रयोग न करें। फ्रॉस्टबाइट के दौरान त्वचा सफेद या फीकी पड़ सकती है। कंपकंपी, मांसपेशियों में अकड़न, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, सांस लेने में कठिनाई और बेहोशी जैसे लक्षण दिख सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है और इसके लिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। हाइपोथर्मिया से प्रभावित व्यक्ति को तुरंत गर्म कपड़े पहनाएं और उसे गर्म स्थान पर रखें। कंबल, तौलिया या चादर से शरीर को ढकें। गर्म पेय पदार्थ देकर शरीर के तापमान को बढ़ाएं। लक्षणों के बढ़ने पर तुरंत चिकित्सीय सहायता लें। फ्रॉस्टबाइट प्रभावित अंगों को रगड़ने से बचें, इससे और अधिक नुकसान हो सकता है। बेहोश व्यक्ति को तरल पदार्थ न पिलाएं।



# बाउंड ओवर का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ हुई कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

एसपी अभिनय विश्वकर्मा द्वारा लगातार अपराध घटित करने वालो के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन में एएसपी डॉ संतोष डेहरिया व एसडीओपी स्लीमनाबाद श्रीमति आकांक्षा चतुर्वेदी के निर्देशन में थाना प्रभारी ढीमरखेडा अभिषेक चौबे के द्वारा थाना क्षेत्र के ऐसे लोगों को चिन्हित किया जो बार-बार अपराध कर रहे थे सर्वप्रथम लोगों को बाउंड ओवर कराया गया जब उनके द्वारा बाउंड ओवर की शर्तों का उल्लंघन करते हुए पुनः अपराध किया गया तो थाना ढीमरखेड़ा पुलिस द्वारा इन चिन्हित चार लोगों के खिलाफ धारा 141 बीएनएसएस की कार्यवाही कर इस्तगासा एसडीएम ढीमरखेडा के न्यायालय पेश किया गया है। थाना ढीमरखेडा में लगातर अपराध घटित करने वाले (1) राकेश पिता रामदीन पटैल 35 साल निवासी ग्राम मडैयन (2) नरेन्द्र उर्फ नंदकिशोर बर्मन पिता रामस्वरूप बर्मन 35 साल निवासी ग्राम पिण्डर्ड (3) गुडडा पिता दईया बर्मन 50 साल निवासी ग्राम दिर्री (4) संतोष पिता संमनू लाल वंशकार 40 साल निवासी ग्राम ठिर्री के विरूद्र इस्तगासा तैयार कर बाउण्ड ओव्हर हेतु पेश किया गया था जो न्यायालय द्वारा बंध पत्र जारी किया गया था उक्त आरोपियों द्वारा बंध पत्र का उल्लंघन कर पुनः अपराध घटित किया गया जिनके विरूद्र धारा 141 बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर न्यायालय पेश किया गया है।

### निगमायुक्त के निर्देश पर सुशील मोटवानी के विरूद्ध हुई कार्यवाही

# कृषि प्रयोजन की भूमि पर अवैध कालोनी निर्माण करने पर दर्ज कराई एफआइआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर निगम सीमांतर्गत सक्षम अधिकारी, विभाग की अनुमति के बिना ही कृषि प्रयोजन की भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर, आर.सी.सी. रोड बनाकर, पानी की टंकी एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य कराने तथा प्लॉट काटकर लगभग 20 पृथक -पृथक व्यक्तियों को विधि विरुद्ध रुप से विक्रय कर करोड़ों रुपयों का अवैध लाभ प्राप्त करनें पर सुशील मोटवानी संत कंवराम राम वार्ड पर सोमवार को थाना माधवनगर में प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह प्राथमिकी निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार एवं सक्षम अधिकारी के निर्देश पर रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड के उपयंत्री जे पी सिंह बघेल द्वारा दर्ज कराई गई है।

#### यह है प्रकरण

सुशील मोटवानी द्वारा नगर निगम सीमांतर्गत रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड, द्वारा ग्राम पड़रवारा के प.ह.नं. 44, नं.बं.-14, रा.नि.मं. मुड़वारा, तहसील कटनी नगर, जिला कटनी स्थित भूमि खसरा नंबर 571, 572/2, 584, 586/2, 586/3, 586/4,639, 640, 640/1, 643/1/1, 644, 644/1, 645, 645/1, 646, 646/1, 649, 649/1, 649/1/1, 649/1/1/1 एवं 649/2 कुल रकबा 6.2000 हेक्टर पर सक्षम अधिकारी, विभाग की अनुमति के बिना अवैध प्लाटिंग कर, आर. सी.सी. रोड बनाकर, पानी की टंकी एवं बाउंड्री वॉल का निर्माण किया गया है। इसके अतिरिक्त अवैध कालोनाईजर श्री मोटवानी द्वारा स्थल पर प्लॉट काटकर लगभग 20 अलग- अलग व्यक्तियों को विधि विरुद्ध रुप से विक्रय कर करोड़ों रुपयों का अवैध लाभ अर्जित किया गया है।

सुशील मोटवानी द्वारा विक्रय की गई उक्त भूमि के 20 व्यक्तियों के विवरण की सूची, विक्रय पत्रों एवं खसरा पाँचसाला की प्रमाणित प्रति शिकायत पत्र के साथ संलग्न की गई है। जो वर्तमान राजस्व अभिलेख के अनुसार उक्त भूमि कृषि भूमि दर्ज है, जिसमें भूमि स्वामी सुशील मोटवानी द्वारा बिना किसी सक्षम अधिकारी , विभाग की अनुमति तथा नगर पालिक निगम कटनी एवं नगर तथा ग्राम निवेश से बिना ले-आऊट नक्शा स्वीकृत कराये एवं निर्माण अनुज्ञा प्राप्त किए बिना, कृषि भूमि में गैर कृषि प्रयोजन के लिए रोड़ रास्ता का अवैध निर्माण कार्य किया गया है और प्लॉट विक्रय का कार्य किया गया है।

सुशील मोटवानी के द्वारा नियमानुसार कॉलोनाइजर लाईसेंस लिए बिना तथा कॉलोनी का संपूर्ण विकास किए बिना और विकास तथा निर्माण अनुज्ञा प्राप्त किए बिना अवैध कॉलोनी का निर्माण किया गया है, जिससे निगम कोष और शासन कोष को भी लाखों रुपये की हानि हुई है।

### अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन



सहिष्णुता, शांति और आपसी समझ के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए उत्कृष्ट विद्यालय में जन अभियान परिषद के नवांकुर प्रस्फुटन के सदस्यों एवं एमएसडब्ल्यू व बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों के बीच राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग, कटनी द्वारा जन अभियान परिषद के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। ₹अंतर्राष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस₹ 1995 से प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 16 नवंबर को मनाया जाता है। संगोष्ठी में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक तेजसिंह केसवाल, विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्रा, आनंद विभाग से डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम लीडर अनिल कांबले और साध्वी निगम द्वारा अपने विचार रखे गए। इस आयोजन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों के अतिरिक्त एवं, मास्टर ट्रेनर अमित तिवारी, रामानुज पांडे, रूपेश विश्वकर्मा, मांडवी, कृष्णा, अंजना, माया, संतोषी आदि की उपस्थिति रही।

# एसडीओपी ने विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पुलिस द्वारा 1 से 30 नवंबर तक मुस्कान विशेष अभियान संचालित किया जा रहा हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य गुमशुदा बालिकाओं की अधिक से अधिक दस्तयाबी सुनिश्चित करना तथा स्कूलों में छात्र -छात्राओं को महिला सुरक्षा, बाल विवाह, पास्को एक्ट, सायबर अपराध एवं सामाजिक दुष्प्रवृत्तियों से बचाव हेतु जागरूक करना हैं।

अभियान के तहत सोमवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी के द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच – बैड टच की जानकारी दी गई एवं 'कोमल' शॉर्ट फिल्म के माध्यम से सुरक्षा संबंधी व्यवहारिक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, सायबर अपराध, सोशल मीडिया पर अनुचित सामग्री साझा करने के दुष्परिणाम एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में बताया गया।

बालिकाओं को किसी भी प्रकार की समस्या या शोषण की स्थिति में डायल-112, महिला हेल्पलाइन 1090 तथा बाल सहायता हेल्पलाइन 1098 पर तत्काल संपर्क करने की जानकारी दी।साथ ही एसडीओपी ने छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि जब भी आपके साथ कोई किसी भी प्रकार की घटना के लिए दुस्साहस करता है तो तत्काल विरोध करें।यदि रास्ते मे,बाजार मे वाहन में कोई छेड़छाड़ करता है तो तत्काल शोर मचाये, आसपास के लोगो को बताये। घटना को दबाए नही ताकि समय रहते उनके नापाक हौसलों को पस्त किया जा सके। इस दौरान प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय, डॉ किरण खरादी, डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ अनिल शाक्य, डॉ भारती यादव मौजूद थीं।

### ढीमरखेड़ा क्षेत्र में हुई घटना, मशक्कत से आग को बुझाया गया

# सिलेण्डर में लीकेज से भड़की आग, दो बच्चों सहित पांच लोग झुलसे, तीन रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा





ढीमरखेड़ा क्षेत्र के पिपरिया में आग की चपेट में आने से एक ही परिवार के 5 लोग झुलस गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे। मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया गया। दरअसल बंद कमरे में खाना बनाये जाने के दौरान रैग़ूलेटर के लिकेज होने व टंकी से गैस का लगातार रिसाव होने के कारण आग लगना बताया जा रहा है।

लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने बताया है की उनकी बहू गीताबाई रविवार को सुबह रसोई में खाना बना रही थी, इसी दौरान अचानक से सिलेंडर में आग भड़कने से पूरे कमरे सहित उसके पटौहा (रैक) तक तक आग की लपटें पहुंच गई। लपटों के बीच घिरी बहू की चीख-पुकार सुनकर बड़ी बहू और चाची उसको बचाने के लिए कमरे में पहुंची तो वो भी आग की लपटों में घिर गईं। इसी बीच दो बच्चे भी आग की चपेट में आने से गंभीर रूप झुलस गये हैं। आग लगने की सूचना तुरंत डायल 112 और 108 नंबर पर दी गई। एम्बुलेंस करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंचने की जानकारी बताई गई है। ग्रामवासियों की मदद से आनन-फानन में निजी वाहन की व्यवस्था करके आग से झुलसे पांच लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमरियापान भेजा गया। बताया जाता है कि रोशनी बाई और दोनों बच्चे अंकिता और रिषभ के गंभीर रूप से झुलसे होने के कारण दोपहर में इलाज के लिए जबलपुर रिफर कर दिया गया है,तो वहीं गीता और सुदामा बाई का इलाज उमरियापान अस्पताल में जारी है। ग्राम कोटवार द्वारा मौके आग लगने की सूचना हल्का पटवारी को दी गई। पटवारी ने मौके का मुआयना करते हुए पंचनामा बनाकर नायब तहसीलदार को सौंपा गया है।

### समय-सीमा की बैठक में निगमायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

# लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही नहीं बरतने दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सोमवार को नगर निगम कार्यालय में आयोजित समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों सहित विभागीय कार्यों एवं योजनाओं के साथ ही निगम के माध्यम से कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने सी.एम हेल्पलाइन के सीवेज, जल प्रदाय, लेखा, भवन अनुज्ञा, साफ-सफाई, आवारा मवेशी आदि विभागों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए कम प्रगति वाले विभागीय अधिकारियों को विशेष रूचि लेते हुए लंबित शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करने की हिदायत दी। बैठक के दौरान निगमायुक्त नें निर्देशित किया कि ऐसी शिकायतें जो आपकी शाखा से संबंधित नहीं है, उन्हे तत्काल संबंधित विभाग की ओर प्रेषित करते हुए अधिकारी को सूचित करना सुनिश्चित किया जाए। निगमायुक्त द्वारा 50 दिवस एवं उससे अधिक की लंबित सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की शाखावार विस्तृत समीक्षा की जाकर लेवल अधिकारियों को उक्त शिकायतों के निराकरण हेतु गंभीरता के साथ कार्यवाही कर संतोषजनक निराकरण कराते हुए प्रतिवेदन पोर्टल पर दर्ज कराने की हिदायत दी गई।

निगमायुक्त नें कहा कि वर्तमान में शीत लहर का प्रकोप निरंतर बढ़ रहा है। यह सुनिश्चित किया जाये कि कोई भी निराश्रित खुले आसमान के नीचे अथवा पट्टियों मे रात्रि गुजर करने को मजबूर न हो। निगम वाहन के माध्यम से नगर भ्रमण किया जाकर ऐसे लोगों को रैन बसेरा पहुंचानें की कार्यवाही प्राथमिकता से करनें के निर्देश राजस्व अधिकारी जागेश्वर पाठक को दिए। बैठक में निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा अलाव की व्यवस्था हेतु जलाऊ लकडियों का भी पूर्व से पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए गए।

#### वंचित न रहें कोई हितग्राही

निगमायुक्त सुश्री परिहार द्वारा प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत प्राप्त एवं निराकृत आवेदनों की समीक्षा के दौरान कम प्रगति पर नाराजगी जाहिर की गई तथा प्रत्येक पात्र हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने हेतु स्ट्रीट वेंडरों से संपर्क करने के निर्देश दिए। बैठक में बैंकों की ओर प्रेषित किये गए प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की जाकर ली जाकर डिस्बर्समेंट में समस्याओं का निराकरण कराने के निर्देश भी सिटी मिशन मैनेजर यश को दिए गए। बैठक के दौरान निगमायुक्त द्वारा संबल योजना के प्रकरणों की भी समीक्षा की जाकर लंबित प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने की हिदायत योजना प्रभारी रविशंकर पांडेय को दी।

बैठक के दौरान समय-सीमा हेतु चिन्हित विभिन्न शाखाओं के पत्रों के निरकारण की स्थित की समीक्षा कर निगमायुक्त ने प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण करने कहा है।

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### नायब तहसीलदार ने एसआईआर के कार्य का किया निरीक्षण

**सिलौंडी।** सिलौंडी क्षेत्र के हर गांव में नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे जाकर बूथ लेवल अधिकारियों से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। ग्रामीणों तथा मतदाताओं से चर्चा कर इस कार्य में बीएलओ के साथ सहयोग करने की बात कही। अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को सराहा जबकि लापरवाही बरतने वाले बीएलओ को फटकार लगाई। सिलौंडी नायाब तहसीलदार नरेंद्र खरे द्वारा विशेष गहन पुनर्निरीक्षण के कार्य में रोज कार्य की प्रगति की जानकारी ले रहे है और सभी बी एल ओ हिदायत देते हुए एसआईआर के कार्य में रुचि लेने कहा। कम प्रगति पर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। मतदान केद्र क्रमांक के बीएलओ का विवरण बीएलओ ऐप में डिजिटाइज करते मिले। मतदान केन्द्र क्रमांक 298 से भी गांव में औचक पहुंचकर गहन पुनरीक्षण कार्य में अब तक किये गये कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस मौके पर बीएलओ सुपरवाइजर आशीष हल्दकार, बबलू राय ,अनुराग भी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार नरेंद्र खरे ने सभी बी एल ओ को एसआईआर के कार्य में जुटकर आपसी समन्वय से कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बीएलओ के सहयोग के लिये पटवारी, सचिव और जीआरएस की भी मदद ले।

### तीन विधानसभा में आज निकलेगी पदयात्रा

**कटनी।** सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर खजुराहो लोकसभा की तीनों विधानसभाओं में आज 18 नवंबर को खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा की अगुवाई में sardar@150 यूनिटी मार्च का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर विधायकगण संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडेय, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक सहित सभी जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन से प्राप्त जानकारी अनुसार सर्वप्रथम विजयराघवगढ़ विधानसभा में पदयात्रा निकाली जायेगी जो प्रातः 10:30 बजे विगढ़ पीएचई पानी की टंकी से प्रारंभ होकर मेन रोड, आजाद चौक होते हुए विजयराघवगढ़ विधायक कार्यालय में मंचीय कार्यक्रम के साथ समाप्त होगी। इसी तरह मुड़वारा विधानसभा की पदयात्रा दोपहर 1:00 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होगी जो स्टेशन रोड, सुभाष चौक, रुई बाजार, खेर माता मंदिर होते हुए अग्रसेन उद्यान घंटाघर में मंचीय कार्यक्रम के साथ समाप्त होगी। इसके उपरांत विधायक संदीप जायसवाल के द्वारा दोपहर 3 बजे से जिला चिकित्सालय में मरीजों को पोषण आहार का वितरण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सांसद विष्णुदत्त शर्मा सम्मलित होंगे। 3.30 बजे बहोरीबंद का यूनिटी मार्च हरदुआ थाने के सामने एकत्रीकरण होगा। यहां से पदयात्रा स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय से संदीपन शासकीय विद्यालय तक होगी। उपरांत 4.15 मंचीय कार्यक्रम, 4.30जनता से संवाद तथा 5.00 स्लीमनाबाद से प्रस्थान होगा।

### समय सीमा की बैठक में प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर ने दिये निर्देश

# अवैध कॉलोनाइजर्स के विरूद्ध करें कड़ी कारवाई नरवाई जलाने वालों पर दर्ज करायें एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



अवैध कॉलोनाइजर्स के विरूद्ध कार्यवाही की जाय और एफआईआर भी दर्ज करायें। साथ ही अवैध कॉलोनियों का निर्धारण करके नियमानुसार कार्यवाही करें तथा खसरे में दर्ज करायें। वैध कॉलोनियों को प्रमोट करें। कलेक्टर आशीष तिवारी ने नगर निगम को यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर, नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार और अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे। बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन, लंबित समय-सीमा पत्रों, लंबित पेंशन प्रकरणों, समग्र ई-केवाईसी, भू-अर्जन प्रकरणों की समीक्षा की और अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

#### देर से पहुंचने पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर को निर्देशित किया कि ढीमरखेड़ा और उमरियापान में नवपदस्थ डॉक्टरों की अटेंडेंस सार्थक ऐप से ही लगवायें। साथ ही अनुपस्थित डॉक्टरों के विरूद्ध संचालक चिकित्सा शिक्षा को पत्र भेंजे। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित द्वारा बैठक में देरी से पहुंचने तथा लंबित सीएम हेल्पलाइन एवं समय-सीमा पत्रों के प्रति गंभीरता नहीं प्रदर्शित करने पर नाराजगी व्यक्त की।

कलेक्टर श्री तिवारी ने कृषि विभाग को निर्देशित किया कि नरवाई जलाने वालों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करायें। साथ ही जुर्माना अधिरोपित करने की भी कार्यवाही करें। जिले में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने प्रभावी पहल करें। शहद, अश्वगंधा, हल्दी, अदरक, चिया सीड्स आदि की खेती के लिए किसानों को प्रेरित करें। इसी प्रकार उन्होंने उद्यानिकी विभाग को फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा देने, मत्स्यपालन विभाग को केज कल्चर स्थापित करने तथा पशुपालन विभाग को लक्ष्य अनुरूप कामधेनु योजना अंतर्गत ऋण वितरण कराने के निर्देश दिए।

#### शिकायतों का शीघ्र करें निराकरण

सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री तिवारी ने कृषि, वन, जल संसाधन, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, साइंस एण्ड टेक, अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग, पीडब्ल्यूडी, श्रम विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, खाद्य, महिला एवं बाल विकास से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की और प्रदेश स्तरीय जारी होने वाली रैंकिंग के मद्देनजर सभी विभागों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

इसी प्रकार कलेक्टर श्री तिवारी ने 50 दिवस से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों और समाधान ऑनलाईन शिकायतों की भी समीक्षा की। साथ ही शिकायतों को निराकृत कर बंद कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

#### समय-सीमा पत्रों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने खनिज, स्वास्थ्य, नगर निगम, जनपद पंचायतों, पशु चिकित्सा विभाग, महिला एवं बाल विकास, भू-अभिलेख, एमपीईबी, पीएचई, आरटीओ, मार्कफेड आदि विभाग के समय-सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुये शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

#### एक बार में लगाएं सभी आपत्तियां

समग्र ई-केवाईसी की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने नगर निगम को तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्यान्न ई-केवाईसी की भी समीक्षा की। साथ ही विभागों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुये कलेक्टर ने जिला पेंशन अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा कि प्रस्तुत प्रकरणों में एक ही बार में सभी आपत्तियां लगायें।



## ठंड से बचाव के लिए ननि ने की अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शीत ऋतु के दौरान जरूरतमंद नागरिकों को ठंड से बचाव हेतु निगम प्रशासन द्वारा प्रतिवर्ष विभिनन स्थलों में अलाव की व्यवस्था की जाती है। इस वर्ष शीत ऋतु की शुरुआत होते ही नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा को देखते हुए शहर के प्रमुख चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अलाव हेतु लकडियों की व्यवस्था रविवार रात्रि से प्रारंभ की गई। जनहित से जुडी इस व्यवस्था को समय से चालू करनें को लेकर नागरिकों द्वारा प्रशांसा की जा रही है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश के बाद संबंधित विभाग की टीमें फील्ड में सक्रिय होकर अलाव स्थलों की पहचान, लकड़ी की उपलब्धता तथा वितरण प्रबंध आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। रविवार 16 नवंबर की शाम नगर के विभिन्न स्थलों रैन बसेरा, बस स्टैंड परिसर, शासकीय जिला चिकित्सालय सहित नगर के विभिन्न रेलवे स्टेशन के बाहर शीत लहर से बचाव के लिए अलाव हेतु जलाऊ लकिड़यों उपलब्ध कराई गईं।

तदाशय की जानकारी देते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने बताया कि शीतलहर से नगर में किसी भी तरह की जनहानि न होवे इस बात को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल ही अलाव व्यवस्था जारी की जाकर विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि, उक्त कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें व नियमित रूप से अलाव हेतु लकडी की व्यवस्था करावें। यह व्यवस्था आगामी दिनों में और भी व्यापक की जाएगी।

### कलेक्टर अदिति गर्ग एवं पूर्व डीजीपी ने किया छात्रों को पुरस्कृत

## धरवारा हायर सेकेंडरी स्कूल के तीन मेधावी विद्यार्थी ओपी गर्ग पुरस्कार से हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



तहसील क्षेत्र के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल धरवारा मे प्रतिवर्ष मेधावी विद्यार्थियों को दिए जाने वाला ओ पी गर्ग पुरुस्कार कार्यक्रम सोमवार को आयोजित हुआ। धरवारा हायर सेकंडरी स्कूल में तीन अलग- अलग संकाय में प्रथम स्थान पर आने वाले छात्र-छात्रा को 10-10 हजार रुपये की राशि दी गईं। ओ पी गर्ग पुरुस्कार सन 2024-25 के तहत कक्षा 12 वी के प्रतिभावान विद्यार्थी वेदिका मिश्रा, प्रिंस नामदेव ओर रंजना मौर्य को 10-10 हजार रुपये की राशि नगद व प्रशस्ति पत्र देकर हौसला बढाया गया।

सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक ओपी गर्ग ने छात्रों से बात करते हुये प्रेरणादायक कहानियां बताते हुये जीवन में संघर्ष करने की सलाह दी। साथ ही गाँव से किस तरह अदिति गर्ग ने आईएएस तक का सफर पूरा किया वह अनुभव छात्रों से साझा किया ओर निरंतर असफलता से सीखने की सलाह दी गईं।धरवारा गाँव की बेटी जो वर्तमान मे मंदसौर कलेक्टर है अदिति गर्ग ने भी अपने अनुभव छात्रों से साझा किये।

उपसरपंच अमित गर्ग ने कहा कि वो सभी लोग बच्चों को अच्छे संस्कार ओर शिक्षा दे जिससे बच्चें आगे बढ़े ओर गाँव सहित राज्य ओर देश का नाम रोशन करें। थाना प्रभारी सुदेश सुमन ने साइबर क्राइम के बारे मै जानकारियां दी।

गौरतलब है कि ओ पी गर्ग इसी छोटे से गांव धरवारा मैं जन्मे थे जो अपनी पढ़ाई कर आगे मप्र के पुलिस महानिदेशक भी बने। सेवा निवृत्त पुलिस महानिदेशक ओपी गर्ग ने गाँव मे शिक्षा को प्रोत्साहित करने ओ पी गर्ग पुरुस्कार मेधावी विद्यार्थियों को देने का क्रम वर्ष 2018 से शुरू किया जो अनवरत जारी है। ओपी गर्ग के साथ उनकी पुत्री वर्तमान मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग भी साथ में रही जिन्होने प्रतिभावान विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। पूर्व डीजीपी ओपी गर्ग व मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग जैसे ही धरवारा पहुंची,उनकी अगवानी मंगल कलशो से की गईं।

इस दौरान गर्ग परिवार बाल मुकुंद गर्ग,जुगल किशोर गर्ग, कमलेश गर्ग,राघवेंद्र गर्ग,गणेश दत्त गर्ग,रामदास गर्ग ,हरिओम गर्ग, ब्रजेश गर्ग आलोक गर्ग,पंकज नामदेव,अनुराग दुबे,हर्ष नादेव, आशाराम यादव आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने ईव्हीएम स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा मासिक निरीक्षण के तहत सोमवार को कार्यालय कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन सदन पहुंचकर ईवीएम वेयर हाउस, स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान निर्वाचन कार्यालय के कार्यों का जायजा लिया तथा संधारित रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सी.सी.टी.व्ही कैमरों की जांच कर व्यवस्था चाक-चौबंद रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ईवीएम मशीनों के सही रख-रखाव का भी अवलोकन किया। इस दौरान भाजपा के प्रतिनिधि सौरव अग्रवाल और दीपक तिवारी, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष (शहर) अमित शुक्ला, अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्र, जिला कोषालय अधिकारी अरविंद सिंह ठाकुर मौजूद रहे।

## एसडीएम ने एसआईआर कार्य का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



बहोरीबंद एसडीएम राकेश चौरसिया ने सोमवार को बहोरीबंद विकासखंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों मै पहुंचकर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के तहत एसडीएम राकेश चौरसिया ग्राम हथियागढ़, अमरगढ़, पहाड़ीखेडा ,बचैया, ककरेहटा, पड़रिया, तमुरिया ओर सिदुरसी पहुंचें!जहाँ उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) की मैपिंग कार्य का जायजा लिया। कलेक्टर ने खुद बीएलओ के साथ मतदाता के गणना प्रपत्र के विवरणों को बीएलओ ऐप में दर्ज करवाया।

एसडीएम ने गणना पत्रक के वितरण और मतदाताओं के सत्यापन कार्य में आवश्यकतानुसार पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सहायक की भी सेवायें प्राप्त करने के निर्देश दिये।एसडीएम ने बीएलओ से अब तक वितरित किये गये गणना प्रपत्रों की जानकारी ली और निर्देशित किया कि शत-प्रतिशत मतदाताओं तक समय पर फार्म पहुंचाना सुनिश्चित करें, काम की गति बढ़ायें।

निर्वाचन आयोग द्वारा चाही गयी मतदाता से संबंधित जानकारी तत्परता से बीएलओ एप में अपडेट करें।एसडीएम ने वर्ष 2003 के निर्वाचक नामावली में मतदाताओं या उनके परिवार के सदस्यों का नाम जिस विधान सभा क्षेत्र के मतदान केंद्र में दर्ज था उसे वोटर सर्विस पोर्टल या अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर से संपर्क करके प्राप्त की जा सकती है।

उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्साह से भाग ले और बीएलओ को इस कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करे। गणना पत्र फॉर्म में चाही गई जानकारी भरकर यथाशीघ्र बीएलओ को वापस करे।

### उमरियापान क्षेत्र के ग्राम मंडेरा में रविवार की देर शाम हुआ अग्नि हादसा

## गहाई के लिए खेत में कटी रखी फसल पर लगी आग से जलकर हो गई खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



ग्राम पंचायत बम्हनी के अंतर्गत आने वाले गांव मंडेरा में रविवार देर शाम अज्ञात लोगों ने खेत में रखी धान की फसल में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और लगभग दो से ढाई एकड़ की कटी रखी फसल जलकर खाक हो गई। इस घटना से किसान परिवार के साथ पूरे गांव में आक्रोश और चिंता का माहौल है।

मंडेरा निवासी किसान सोनेलाल हल्दकर ने बताया कि पिछले कई दिनों से लगातार बारिश के कारण खेत गीले थे, जिस वजह से धान की कटाई हार्वेस्टर से नहीं हो पाई। मजबूरी में मजदूरों की मदद से फसल की कटाई की गई और धान को खेत में ही गल्ले के रूप में इकट्ठा कर रखा गया था, ताकि जल्द ही थ्रेसर से गहाई की जा सके। किसान ने बताया कि यह फसल उनके पूरे परिवार की मेहनत और उम्मीदों का सहारा थी, जिसे वह पूरे मौसम भर दिन-रात मेहनत करके तैयार कर पाए थे। रविवार की शाम करीब 7 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फसल के गल्ले में आग लगा दी गई। घटना इतनी अचानक हुई कि जब तक ग्रामीण एकत्रित होकर मौके पर पहुंचे, तब तक आग तेज़ी से फैल चुकी थी। ग्रामीणों ने एकजुट होकर काफी मशक्कत के साथ आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक फसल का अधिकतर हिस्सा राख में बदल चुका था। ग्रामीणों की मदद और प्रयासों के बावजूद किसान की पूरी मेहनत चंद मिनटों में ही जलकर खत्म हो गई।

किसान सोनेलाल ने बताया कि यह फसल उनकी सालभर की आय का प्रमुख स्रोत थी। पूरे परिवार ने कड़ी मेहनत और उम्मीद के साथ फसल तैयार की थी, लेकिन आग की इस घटना ने उन्हें पूरी तरह तोड़ दिया है। खेत की जुताई से लेकर बुआई, सिंचाई, खाद, मजदूरी और कटाई में किसान ने पैसा लगाया था। उन्होंने बताया कि इस नुकसान से उबरना उनके लिए बेहद मुश्किल होगा। प्रशासन से मांग की गई है कि मामले की जांच कर दोषियों की पहचान की जाए और किसान को उचित मुआवजा दिलाया जाए। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दे दी गई है।

### प्रदेश में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया

# एसआईआर के दौरान मन में उठने वाले सवालों के समझिए आसान जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है। 4 नवंबर से बीएलओ मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण कर रहे हैं। एसआईआर को लेकर मतदाताओं के मन में कई सवालों को लेकर असमंजस की स्थिति भी है।

#### सवाल और उनके जवाब

प्रश्न 1- क्या गणना अवधि में गणना पत्रक के साथ कोई दस्तावेज निर्वाचक से लेना है ?

उत्तर - गणना अवधि में बीएलओ द्वारा कोई दस्तावेज निर्वाचन से प्राप्त नहीं किया जाएगा।

प्रश्न 2 - यदि कोई निर्वाचक अपना फार्म किन्हीं कारणों से प्रस्तुत नहीं कर पाता है तो उसको निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने के लिए क्या विकल्प हैं?

उत्तर- ऐसे व्यक्ति प्रारूप 6 में घोषणा पत्र के साथ अपना आवेदन नाम जोड़ने के लिए प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रश्न 3 -अजिन निर्वाचकों का गणना फार्म प्राप्त नहीं होगा उनका नाम प्रारूप निर्वाचक नामावली में सम्मिलित होगा या नहीं तथा इसकी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होगी या नहीं?

उत्तर - जिन निर्वाचकों का गणना पत्रक प्राप्त नहीं होगा उन्हें एब्सेंट/ शिफ्टेड / डेड/ रिपीटेड के रूप में बीएलओ द्वारा पड़ोसी से जांच कर चिंहांकित कर सूचीबद्ध किया जाएगा तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर प्रारूप निर्वाचक नामावली प्रकाशन के समय ही प्रदर्शित किया जाएगा। बीएलओ यह सूची अनिवार्यतः बनाएंगे तथा बीएलओ एप पर भी इसकी प्रविष्टि करेंगे।

प्रश्न 4 -क्या घर-घर जाकर गणना के समय कोई भी नए इलेक्टर के रूप में अपना नाम जोड़ने के लिए आवेदन कर सकता है?

उत्तर - हां कर सकता है उसे प्रारूप 6 के साथ घोषणा फॉर्म भरना होगा।

प्रश्न 5- 1 अप्रैल 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर 2026 की अर्हता तिथि में अग्रिम आवेदन प्राप्त किया जा सकते हैं ?

उत्तर -हां

प्रश्न 6- गणना अवधि में बीएलओ के मुख्य कार्य क्या हैं?

उत्तर -गणना पत्रकों का वितरण -पूर्व एसआईआर से लिंकिंग का कार्य

#### भरे हुए प्रपत्रों के संग्रहण का कार्य

गणना पत्रक पर पिछले एस आई आर मतदाता सूची से सत्यापन का कार्य। बीएलओ एप में गणना पत्रक से प्रविष्टि का कार्य। एब्सेंट/ शिफ्टेड / डेथ/ रिपीटेड अंकित करने का कार्य। समस्त भरे हुए गणना पत्रक एआरओ को सौंपने का कार्य।

प्रश्न 7- बीएलओ गणना प्रपत्र में कितनी प्रति में प्राप्त करेगा?

उत्तर- बीएलओ गणना प्रपत्र दो प्रतियों में निर्वाचक को प्रदान करेगा जिसकी एक प्रति प्राप्त करते हुए दूसरी प्रति पर निर्वाचक को पावती देगा अर्थात एक प्रति बीएलओ के पास तथा एक प्रति निर्वाचक के पास रहेगी।

प्रश्न 8 -यदि किसी निर्वाचक द्वारा ऑनलाइन गणना पत्रक प्रस्तुत किया है तो उसका वेरिफिकेशन कौन करेगा?

उत्तर -निर्वाचन द्वारा भरे गए ऑनलाइन गणना पत्रक सीधे बीएलओ ऐप में लिंकिंग सहित प्रदर्शित होते हैं अतः बीएलओ द्वारा घर-घर विजिट के दौरान उसका सत्यापन अंकित किया जाएगा।

प्रश्न 9 -बीएलओ पूर्व एसआईआर की निर्वाचक नामावली से लिंकिंग के अतिरिक्त भी अन्य दस्तावेजों की घर-घर जांच विजिट के दौरान करेंगे?

उत्तर -नहीं केवल पूर्व एस आई आर के निर्वाचक नामावली से जांच कर सत्यापन करना है।

प्रश्न 10 -क्या घर-घर गणना विजिट के दौरान कोई नोटिस दिया जाना है?

उत्तर -गणना विजिट के दौरान कोई नोटिस नहीं दिया जाना है।

प्रश्न 11-किसी निर्वाचक की मृत्यु हो गयी है तो क्या उसका मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार से ले सकते हैं? **(उत्तर-हां।)**

प्रश्न 12 - किसी निर्वाचक का नाम पूर्व की एसआईआर की मतदाता सूची में है अथवा नहीं है तो उसका प्रपत्र में लिंकिंग किस प्रकार अंकित की जाएगी?

उत्तर-1 पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण उपलब्ध होने पर तीसरी सारणी के बाएं भाग ₹एसआईआर की मतदाता सूची में मतदाता का विवरण₹ में चाहा गया विवरण अंकित किया जाएगा इसमें प्रविष्टि वही होगी जो पूर्व एस आई आर की नामावली में अंकित है।

2- यदि निर्वाचक का नाम पिछले एसआईआर की मतदाता सूची में अंकित नहीं है तथा उसके पिता /माता /दादा/ दादी जो पूर्व निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो का विवरण अंकित किया जाएगा।

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14.9.2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत बहोरीबंद माइको लिफ्ट एरीगेशन प्रोजक्ट द्वारा (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, नर्मदा डेवलपमेंट डिवीजन नंबर -3.) क्षमता - 46716 हेक्टेयर तहसील बहोरीबंद, स्लीमनाबाद, रीठी एवं कटनी, जिला-कटनी (म.प्र.) हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम में लोक सुनवाई कराने हेतु म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम कौडिया, तहसील बहोरीबंद, जिला कटनी, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म0प्र0प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय, नवीन भवन पता एन.एच. 30, जबलपुर रीवा बायपास रोड, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा शो रूम के पास गुलवारा तहसील मुडवारा, जिला कटनी (म.प्र.) मे कार्यालयीन समय में किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड **www.mppcb.nic.in** पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म0प्र0) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 19.12.2025 दिन शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे बहोरीबंद माइको लिफ्ट एरीगेशन प्रोजक्ट द्वारा (एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, नर्मदा डेवलपमेंट डिवीजन नंबर 3.) क्षमता 46716 हेक्टेयर, ग्राम कौडिया, तहसील बहोरीबंद, जिला कटनी (म.प्र.), के परियोजना स्थल के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

# मानव जीवन में जितना हो सके भगवान का जाप करें- पं विपिन बिहारी दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



**झलौन गोहची ग्राम में चल रही सप्ताह-भर की श्रीमद्भागवत कथा में कथावाचक पंडित विपिन बिहारी दास ने भक्तिमार्ग की महिमा, भगवान-नाम-स्मरण की शक्ति तथा धुंधकारी मुक्ति प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया। कथा स्थल पर भारी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुगणों ने भाव-विभोर होकर कथा का रसपान किया।**

भागवत कथा के दूसरे दिन पंडित विपिन बिहारी दास ने कहा कि मनुष्य को जीवन में जितना संभव हो सके, भगवान का जाप अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि "जिसका वर्तमान सुंदर है उसका भविष्य भी सुंदर होता है। चिंता केवल उन्हें सताती है जो भगवान से दूर हैं।" उन्होंने बताया कि भक्ति मनुष्य को सरल, विनम्र और शांत बनाती है तथा जीवन के दुःखों से बाहर निकालती है। पंडित विपिन बिहारी दास ने अपने प्रवचन में कहा कि मनुष्य को इस जीवन में जितना हो सके भगवान का जाप अवश्य करना चाहिए, क्योंकि भगवान का नाम ही वह साधन है जो व्यक्ति को भय, दुख और चिंता से मुक्त करता है। उन्होंने कहा कि "आदमी को कल की चिंता नहीं बल्कि आज के जीवन की सुंदरता पर ध्यान देना चाहिए। जिसका वर्तमान श्रेष्ठ होता है, उसका भविष्य अपने आप ही उज्ज्वल बन जाता है।" उन्होंने आगे कहा कि जीवन का गणित विचित्र इसलिए लगता है क्योंकि मनुष्य अक्सर गलतियों के बोझ से दबा रहता है, जबकि भक्ति मन को निर्मल और सरल बनाती है। भक्ति का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची भक्ति के लिए ज्ञान आवश्यक है। ज्ञान के बिना भक्ति अधूरी है और भक्ति के बिना ज्ञान अहंकार का कारण बन सकता है। पंडित दास ने भगवान के भक्त की चार पहचान भी बताई। उन्होंने कहा कि जिन लोगों में ये चार रुचियाँ नहीं हैं, वे बांके बिहारी जी के सच्चे भक्त नहीं माने जा सकते है उन्होंने भक्त की चार पहचान बताते हुए कहा कि जिसे सत्संग, एकादशी-व्रत, तुलसी महारानी, और भगवान का नाम-जाप—इन चारों में रुचि न हो, वह बांके बिहारी जी का सच्चा भक्त नहीं कहा जा सकता।कथा के दौरान पंडित दास ने धुंधकारी का प्रसंग बड़े विस्तार से सुनाया। उन्होंने बताया कि धुंधकारी गोकर्ण का भाई था, लेकिन बुरे संग में पड़कर उसने पापमय जीवन अपना लिया। धन और भोग-विलास की लालसा में उसने चोरी, हिंसा और अनैतिक कार्यों से जीवन भर कभी धर्म और भक्ति की ओर रुख नहीं किया। अंततः उसके पाप प्रबल हुए और मृत्यु के बाद वह प्रेतयोनि में भटकने लगा। प्रेत रूप में उसका अस्तित्व दुःख, भय और क्लेश से भर गया, परंतु कोई भी उसकी व्यथा को समझ नहीं पाता था। एक दिन धुंधकारी किसी तरह अपने भाई गोकर्ण के पास पहुँचा, जिसने उसकी प्रेतावस्था को पहचान लिया और उसके उद्धार का उपाय खोजने लगे। गोकर्ण ने निर्णय किया कि भागवत कथा का आयोजन किया जाए, क्योंकि भगवान के नाम और ज्ञान का प्रभाव सबसे अधिक होता है। सात दिनों तक कथा का श्रवण होता रहा, और प्रत्येक दिन धुंधकारी अदृश्य रूप से उपस्थित होकर कथा को सुनता रहा। जब सप्ताह पूर्ण हुआ तो दिव्य प्रकाश प्रकट हुआ और धुंधकारी की प्रेत-योनि समाप्त हो गई। उसे दिव्य देह प्राप्त हुई और वह आकाश से प्रकाश-पुँज के रूप में उतरा। उसने गोकर्ण को धन्यवाद देते हुए कहा कि सत्संग, भक्ति और श्रीमद्भागवत का श्रवण ही सबसे महान साधन है, जो सबसे पतित जीव को भी मोक्ष प्रदान कर सकता है। पंडित दास ने कहा कि धुंधकारी का प्रसंग यह सिद्ध करता है कि चाहे मनुष्य कितना ही भटका क्यों न हो, यदि वह भक्ति के मार्ग पर लौट आता है तो भगवान उसे कभी नहीं छोड़ते। लगातार हो रहे कीर्तन और जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। भागवत कथा के यजमान रिटायर्ड शिक्षक रामप्रसाद ताराrani यादव आयोजक हेमंत यादव वनमंडल अधिकारी विदिशा एवं उनके भाई बसंत यादव प्रोफेसर आईआईटी हैं।

# किशोरियों को लगाया जायेगा एचपीव्ही टीका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया शासन के निर्देशानुसार जिले में एच.पी.व्ही. टीकाकरण अभियान की तिथि तय होने के बाद तीन माह की अवधि के लिए विशेष एच.पी.व्ही. टीकाकरण अभियान संचालित किया जायेगा। इस हेतु सभी ब्लॉकों के कोल्ड चैन फोकल प्वांयट अंतर्गत मेडिकल ऑफीसर, नर्सिंग ऑफीसर, सीएचओ, एएनएम, कोल्ड चैन हेण्डलर का जिला स्तर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान द्वारा प्रशिक्षण कार्य आज पूर्ण कर लिया गया है। टीकाकरण अधिकारी डॉ. विक्रांत चौहान ने एच.पी.व्ही. टीकाकरण अभियान के संबंध में बताया कि ऐसी किशोरियां जो 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी हो किन्तु 15 वर्ष से अधिक की न हो इन सभी को एच.पी.व्ही. वैक्सीन की एक डोज इन्ट्रामस्कुलर रूप से दी जायेगी। वैक्सीन लगने से भविष्य में होने वाले वेजाइनल (जननांग) कैंसर और सर्विक्स कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव होगा, सुरक्षा मिलेगी। डॉ. चौहान ने बताया कि 2006 में पहली एच.पी.व्ही. वैक्सीन शुरू की गई थी। एच.पी.व्ही. टीकाकरण दुनिया के 148 देशों में पहले से चल रहा है। पूरे विश्व में 50 करोड़ से अधिक किशोरियों को एच.पी.व्ही. वैक्सीन लगाई जा चुकी है। यह एच.पी.व्ही. वैक्सीन गार्डासिल क्वाड्रिवेलेण्ट प्रकार की होगी। इस वैक्सीन में चार प्रकार के वायरस स्ट्रेन 6, 11, 16 एवं 18 शामिल है। स्ट्रेन 6 एवं 11 वेजाइनल (जननांग) संक्रमण से सुरक्षा प्रदान करते है। स्ट्रेन 16 एवं 18 सर्विक्स कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी है। डॉ. चौहान ने बताया कि यह वैक्सीन किशोरियों को गंभीर रोगों से बचाने और भविष्य में किशोरियों को स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी होगी। प्रशिक्षण में टीके के रखरखाव, सुरक्षित इंजेक्शन पद्धति, लाभार्थी सूची-संधारण के संबंध में सभी आवश्यक जानकारी साझा की गई।

# वार्डवासियों ने कूप की सफाई के लिए दिया आवेदन

**तेंदूखेड़ा।** नगर के पुराने कुओ का पानी का उपयोग नहीं होने के कारण पानी अब बदबू मारने लगा है। साथ ही सबसे बड़ी बात है कि कई सालो से इन पुराने कूपो की सफाई भी नहीं हुई है। जिस कारण कुओं का पानी का रंग भी काला हो गया है। ऐसे ही नगर के वार्ड क्रमाक 7 राम मंदिर बाली गली में सार्व जनिक कूप की सफाई के लिए अनेक लोगो ने नगर परिषद सीएमओ को आवेदन देकर कहां है कि कूप की कई सालो से सफाई न होने के कारण पानी खराब हो गया है। पानी में बदवू आने लगी है। जिस कारण वार्ड के लोग पानी का उपयोग नही कर पा रहे है। जिसकी सफाई कराने की मांग की है। कूप की सफाई होने के बाद लोग नर्मदा लाईन बाधित होने पर पानी का उपयोग कर सके। आवेदन देने बालो में सुनील जैन, मोहन, नीलेश, ममता साहू, कुसुम रानी, सोने लाल विश्वकर्मा, रवि सेन, सिवांगी साहू, मनीष मोदी अजय सोनी, अभिषेक जैन आदि लोग शामिल रहे। नगर परिषद के सीएमओ पियूश अग्रवाल ने कहां है में शीघ्र से कूप का पानी खाली करवाकर कूप सफाई कराने के आदेश जल प्रभारी को देता हू।

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती उत्साह से मनाई



**जबेरा।** आराधना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन दुगानी जबेरा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वी जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत गुबरा के ग्राम भड़ेरी में उत्साह से किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में आराधना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन दुगानी के अध्यक्ष दिनेश कुमार साहू ने भगवान बिरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके संघर्ष और योगदान को याद करते हुए बताया की आराधना सोशल वेलफेयर फाउंडेशन का अभी हाल ही में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवाअंकुर संस्था में चयन हुआ है और यह फाउंडेशन विगत चार वर्षों से जनहित समाजहित एवं होनहार प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने का कार्य करता आ रहा है। उसके पश्चात कार्यक्रम के अंत में ग्राम में जन जागरूकता रैली भी निकल गई। इस अवसर पर उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू, सचिव रत्नेश सींग गौड़, सदस्य रंजना तिवारी, रागनी राय, गोविंद सिंह ठाकुर, सचिन रजक, हेमकुमारी, बबीता, भूपत सिंह सहित अनेकों ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

# बीएलओ को दिया प्रशिक्षण



**तेंदूखेड़ा।** तेंदूखेड़ा के ग्राम हरई में एसआईआर के विषय को लेकर कांग्रेस पार्टी की तरफ से मुख्य अतिथि के रूप में प्रशिक्षक प्रभारी संजय पटेरिया एवं जबेरा प्रभारी मार्तंड देव बुंदेला एवं पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी के मार्गदर्शन में बीएलओ को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक संजय पटेरिया के द्वारा बताया गया कि 56 जबेरा विधानसभा लगभग 295 बीएलओ नियुक्त किए गए हैं जिनका कार्य अपने-अपने पोलिंग बूथ एवं गांव में जो सरकार द्वारा एसआरआर कार्य कराया जा रहा है। उसकी निगरानी करना एवं लोगों को एसआईआर फॉर्म भरने में मदद करना सरकार द्वारा नियुक्त बीएलओ की मदद करना एवं बाहर से आई अपनी बहन बेटियों के मां-बाप की जानकारी लेकर एपिक नंबर फार्म में दर्ज करना। जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है और उनका वोटर लिस्ट में नाम है ऐसे नाम को वोटर लिस्ट से कटवाए आप सभी बीएलओ का दायित्व है ताकि वोट चोरी जैसा मामला सामने ना आए आगे जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक प्रत्याशी को एसआईआर के दो फॉर्म बीएलओ के द्वारा दिए जाएंगे जिसे आपको भरकर बीएलओ को देना है तथा उसकी एक पावती लेना है जो आपको अपने पास सबूत के तौर पर रखनी है यदि कोई बीएलओ आपको दो फॉर्म नहीं देता है तो इसकी शिकायत आप एसडीएम तहसीलदार एवं बीएलओ को कर सकते हैं सभी बीएलओ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी अपने-अपने कार्य को बड़ी ईमानदारी से करते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाएं। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीलेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष श्रीकांत पोर्ते, जनपद पंचायत अध्यक्ष तुलाराम यादव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष रामकुमार साहू, मदन नामदेव, भक्त प्रहलाद यादव, मुशी लाल, पीताम्बर साहू, रतन साहू, गोपाल द्धुवे,नोनेलाल परस्ते, प्रमोद वेन सहित ने कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# अनोखे क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिले की विधानसभा जबेरा अंतर्गत रानी अवंतीबाई लोधी परिसर नोहटा में एनपीएल टू नोहटा प्रीमियर लीग प्लास्टिक बॉल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के नेतृत्व में एवं उनके अनुज नितेन्द्र सिंह लोधी के संरक्षक में इस टूर्नामेंट का संचालन किया गया। जिसमें आईपीएल की तर्ज पर आंक्शन के माध्यम से ओनर ने खिलाड़ियों को अपनी अपनी टीम में शामिल किया। टीम डीएसएल के ओनर भाईसाहब पटेल,सत्या वांरियर्स के सत्येंद्र सिंह,बजरंग ब्लास्टर के दिनेश कर्ण,सांई इलेवन के सूरज राय,हंसी हंटर्स के परषोत्तम राय,पुलिस इलेवन के राहुल जैन,के.के डेंजर के प्रमोद यादव, के.के रॉयल्स के सद्दाम खान,सलमान इलेवन के सामान खान,भूपेश इलेवन के भूपेश गंधर्व, साइनिंग मून के लकी जैन,यूएसके पीयूष जैन, व्यापारी इलेवन के कमलेश सोनी,पंचायत के भाव सिंह लोधी, सरपंच के भोजराज जैन,दीपेश डेविल्स दश्शू नामदेव,फेयरलेस फाल्कोन्स राज यादव,नोहलेश्वर वॉरियर्स सुधीर सिंह,एस एस के रॉयल चैलेंजर्स शहंशाह खान, किसान इलेवन हेमराज सिंह,ज्योति एनर्जी अभिषेक राय, नितिन ईगल्स नितिन राय, एमपीईबी के संतोष अठ्या,यश राइजिंग स्टार के यश राय,के ओनर रहे। इस टूर्नामेंट का शुभारंभ 02 नवंबर 2025 से किया गया था जिसमें एक टीम में 9 खिलाड़ियों का खिलाया गया एवं 8 ओवरों का मैच खेला गया सेमीफाइनल और फाइनल मैच 10 ओवर का खेला गया। खिताबी मुकाबले में सलमान इलेवन ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी का करने का निर्णय लिया और निर्धारित 10 ओवर में 155 रन बनाए स्कोर का पीछा करने उतरी हंसी हंटर ने 156 रन बनाकर लक्ष्य को 9.2 ओवर में हासिल कर विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच राज साहू बने जिन्होंने 26 गेंदों पर 73 रन की नाबाद पारी खेली। मैंन आंटी द सीरीज मनोज यादव रहे।

संरक्षक नितेंद्र सिंह कहां कि हम युवाओं को निरंतर जबेरा विधानसभा के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में मंच प्रदान कर रहे हैं और इस टूर्नामेंट में स्पान्सर IDBI बैंक एवं सौजन्य आरभ्य सोशल वेलफेयर सोसायटी वेलफेयर रही और हमारे सभी युवा साथियों ने मेहनत कर टूर्नामेंट को सफल बनाया और एक दिन पूर्व ही अंतराष्ट्रीय महिला क्रिकेटर विश्व कप विजेता सुश्री क्रांति गौड़ जी का भी आगमन हुआ था। इस टूर्नामेंट में विशेष सहयोग मैनेजर निखिल लोधी कांमेटेटर पीटर पिंटू रैकवार,रत्नेश सिंह लोधी,टेंट रवि विश्वकर्मा,कैमरा गनेश नामदेव,पेंटर राजू विश्वकर्मा,शैलू जैन,उमेश यादव,दिन रोहित,पुलिस प्रशासन सहित अन्य जनों ने सहयोग दिया।

# पुलिस अधीक्षक ने 6 प्रकरणों में 16 हजार रूपये का किया ईनाम घोषित

**दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने दमोह जिले के देहात थाना अंतर्गत 06 प्रकरणों में 16 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है । पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने प्रकरणों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुये जिले के थाना प्रभारी कोतवाली के अपराध क्रमांक 248/25 धारा 115(2), 296, 351 (3), 118 (1),191 (2), 191 (3), 190, 125, बीएनएस इजाफा धारा 118 (2), 103 (1), 109 बीएनएस एक्ट के तहत आरोपी नितू ऊर्फ नितिन रैकवार पिता ऐलू ऊर्फ प्रहलाद रैकवार उम्र 25 साल निवासी ढिमरौला मोहल्ला दमोह एवं कल्ला मुसलमान पिता शेख निजाम उम्र 45 साल निवासी धरमपुरा दमोह पर 03-03 हजार रूपये तथा थाना प्रभारी दमोह देहात के अपराध कमांक 677/25 धारा 115, 351 (3) 64 (2)(एफ), 64 (2)(एम), 65 (1) बीएनएस 5 एन/6 पास्को एक्ट के तहत आरोपी सुनील अहिरवार पिता प्रेमलाल अहिरवार निवासी इमलाई थाना दमोह देहात पर 03 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। इसी प्रकार थाना प्रभारी कोतवाली दमोह के अपराध क्रमांक 553/25 धारा 306,34 भादवि के तहत विकास तिवारी पिता भरत तिवारी उम्र 32 साल निवासी गणेशपुरम थाना दमोह देहात एवं महिला थाना दमोह के अपराध क्रमांक 24/25 धारा 74, 75 बीएनएस 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी युसूफ कुरैशी पिता युनुस निवासी बजरिया वार्ड नं. 07 नूरी नगर थाना कोतवाली दमोह पर ढाई-ढाई हजार रूपये तथा थाना प्रभारी कोतवाली दमोह के अपराध क्रमांक 710/25 धारा 08/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी आकिल पिता गुड्डा खान उम्र 23 साल निवासी पुराना बाजार नं.-01 थाना कोतवाली दमोह पर 02 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

# ओलंपियाड प्रतियोगिता के प्रथम चरण जनशिक्षा केंद्र स्तर का आयोजन आज

**दमोह।** जिला शिक्षा केन्द्र के जिला ओलंपियाड अधिकारी ने बताया ओलंपियाड प्रतियोगिता के प्रथम चरण जनशिक्षा केंद्र स्तर का आयोजन आज 18 नवबर 2025 को दमोह के सातों विकास खंड के प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र (56) में आयोजित की जाना है। इस प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी से आठवीं तक जिले में 26606 बच्चे शामिल होंगे। जिसमें बटियागढ़ के 3553, दमोह 6074, हटा 3375, जबेरा 3812, पटेरा 2808, पथरिया 2973, तेंदूखेड़ा 4011 बच्चे शामिल होंगे। उन्होंने बताया कक्षा 2 एवं 3 सुबह 11 से 1 तक (2 घंटे) सम्मिलित विषय - हिंदी, अंग्रेजी, गणित, कक्षा 4 एवं 5 सुबह 11 बजे से 1 बजे तक (2 घंटे) सम्मिलित विषय - हिंदी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण, कक्षा 6 से 8 सुबह 11 से 2 बजे तक (3 घंटे) सम्मिलित विषय - हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, विज्ञान, गणित एवं सामाजिक विज्ञान के लिये समय निर्धारित किया गया है। यह प्रतियोगिता राज्य स्तर से प्राप्त ओएमआर शीट पर आधारित होगी, छात्रों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए, राज्ये शिक्षा केन्द्र ,भोपाल के द्वारा सुविधायें बच्चों एवं अभिभावकों को उपलब्धप कराई गई है, जिसका उत्त रदायित्वब संबंधित विकासखंड स्रोत समन्वरयक को सौपा गया है। विद्यालय से परीक्षा में शामिल होने विद्यार्थियों को उपस्थित कराने हेतु प्रति विद्यार्थी 50 रूपये के मान से परिवहन पर विद्यालय द्वारा व्यय किया जा सकेगा। परीक्षा केंद्र पर ही प्रत्येक बच्चों को बैठाकर भोजन की व्यवस्था है, जिसके लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा प्रत्येक बच्चे पर 30 रूपये का भुगतान बीआरसीसी को किया जायेगा। प्रत्येक परीक्षा केंद्र में परीक्षा से जुड़े हुए सदस्यों के लिए चाय, स्वल्पाहार एवं अभिभावकों के लिए पानी एवं बैठक व्यवस्था एवं ओ.एम.आर. सीट पैकिंग हेतु 1500 रूपये की राशि का भुगतान बीआरसीसी द्वारा किया जाएगा, प्रत्येक परीक्षा केंन्द्र के अवलोकन हेतु विकासखंड में पदस्थ जनशिक्षक/बी.ए.सी./बी.आर.सी.सी. के द्वारा किया जाए।

# बहुप्रतीक्षित सुनवराह—सुनकड़ मार्ग का हुआ भूमिपूजन




**जबेरा/बनवार।** दमोह जिले की जबेरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम सुनवराह से सुनकड़ मार्ग के निर्माण कार्य का बहुप्रतीक्षित भूमिपूजन स्थानीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी द्वारा संपन्न कराया गया। लगभग 4 किलोमीटर लंबी इस सड़क के निर्माण पर 314.66 लाख रुपये की लागत आएगी। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से उठाई जा रही इस मांग के पूरा होने पर क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखा गया। भूमिपूजन अवसर पर मंत्री लोधी ने कहा कि इस मार्ग के बन जाने से सुनवराह और सुनकड़ सहित आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और खेती-किसानी में बड़ी सुविधा मिलेगी। यह सड़क ग्रामीण अंचल को मुख्य मार्गों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव तक सड़क नेटवर्क का विस्तार किया जा रहा है। इसके साथ ही किसान सम्मान निधि, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री आवास, हर घर नल-जल, लाड़ली लक्ष्मी, आयुष्मान कार्ड, तथा मुफ्त खाद्यान्न योजना जैसी योजनाओं से प्रदेश के लोगों को व्यापक लाभ मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि रुपेश सेन, जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे, वरिष्ठ आदिवासी नेता खड़ग मासाब, सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# संकल्प सस्था ने मनाया बाल दिवस



**हिण्डोरिया।** ऐक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत जिला मे कार्यरत संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह ने तेन्दूखेडा.ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल तेजगढ़ मे राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर शाला के अनेक बच्चो ने बाल दिवस एवं अपने अधिकारों पर अपने विचार रखे। इस मौके पर संस्था ने बच्चो को पुरुस्कृत भी किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी, सचिव संदेश बंसल एवं प्राचार्य अनरथ सिंह पुलिस विभाग से श्री पटैल साहब बतौर अतिथि मौजूद रहे। यहाँ बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागृत किया गया। वहीं परियोजना समन्वयक देवेन्द्र दुबे ने बताया की संस्था व्दारा जिले मे 14 नवंबर से 20 नवंबर 2025 तक सतत यह आयोजन चलाया जायेगा । स्थानीय स्कूलों के बच्चो के बीच यह आयोजन करने करने का मूल उदेश्य यही है कि बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और बाल हितैषी दमोह जिले का निर्माण हो। उपस्थित अतिथियो ने भी बच्चो से संवाद किया। आयोजन मे शाला परिवार के शिक्षकों, बच्चों के अलावा प्रतिभा सिंह लोधी, रितु विश्वकर्मा, दर्शन नामदेव सहित अनेक गणमान्य लोगो की उपस्थिति रही।

# सैलवाड़ा में 25 लख रुपए की लागत से बने मंगल भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जबेरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तेंदूखेड़ा मंडल के ग्राम सैलवाड़ा में 25 लाख की लागत से नवनिर्मित "सामुदायिक मंगल भवन" का लोकार्पण किया गया। इस भव्य एवं सुव्यवस्थित भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन में महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी की नीतियों एवं कार्यशैली से प्रभावित होकर तेंदूखेड़ा के पूर्व पार्षद बाला साहू जी ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उनके इस निर्णय का उपस्थित जनसमूह ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। जनसमूह को संबोधित करते हुए वक्ता ने कहा कि— "मेरा संकल्प है कि विधानसभा के प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि ग्रामीण जनता को सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो सके।" कार्यक्रम में मुख्य रूप से —सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश जैन ,ग्राम सैलवाड़ा की सरपंच श्रीमती नीतू साहू युवा नेता राजकुमार ठाकुर युवा नेता राहुल ठाकुर अखिलेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

# ओजस्विनी में वार्षिक उत्सव संपन्न



**दमोह।** ओजस्विनी स्कूल पार एक्सीलेंस, दमोह में वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह, गरिमा और अनुशासन के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय जयंत कुमार मलैया (विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री, म.प्र.) द्वारा माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. सुधा मलैया, सिद्धार्थ मलैया, को-चांसलर श्रीमती पूजा मलैया, डायरेक्टर श्रीमती रति मलैया जी, कलेक्टर महोदय, जिला शिक्षा अधिकारी, **BRC** अधिकारी तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को चार चाँद लगा दिए। विद्यालय के नन्हे-नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम—नृत्य, संगीत, नाट्य तथा विषय-आधारित मंचन—ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। छात्रों की उत्कृष्ट प्रतिभा, अनुशासन, आत्मविश्वास और रचनात्मकता प्रत्येक प्रस्तुति में स्पष्ट रूप से झलक रही थी। सभी कार्यक्रमों ने भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों और आधुनिक शिक्षा का सुंदर एवं प्रेरणादायी समन्वय प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के सभी शिक्षकगण के सहयोग की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंजली सुन्दरम जी के नेतृत्व में संपूर्ण स्टाफ ने अद्वितीय टीमवर्क, निष्ठा और सूक्ष्म योजना के साथ पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों ने विद्यालय की प्रगति, अनुशासन, सांस्कृतिक उत्कृष्टता और छात्रों के प्रभावशाली प्रदर्शन की सराहना की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

# परिवार को छोटा रखने दिया गया संदेश

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि विकासखंड पटेरा के आयुष्मान आरोग्यम केन्द्र कुडई के आंगनवाडी केन्द्र 17 में सास-बहू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में पहुॅची सास-बहू को गुब्बारा खेल के माध्यम से परिवार नियोजन के साधनों तथा सुरक्षित मातृत्व के बारे में स्वास्थ्य संदेश दिया गया। गुब्बारा खेल दौरान गुब्बारे हवा में उडाये गये। सास-बहू को कहा गया कि वे इन सभी गुब्बारों को पकड़ने का प्रयास करें। खेल में शामिल सभी सास-बहू के जोडे ने गुब्बारे को पकड़ने का प्रयास किया किन्तु दो से अधिक गुब्बारों को पकड़ने में नाकामयाब रहे। एक या दो ही गुब्बारे को ही ठीक तरीके से पकड़ सके। इस गतिविधि के माध्यम से संदेश दिया गया कि परिवार छोटा होगा तो बच्चों की देखभाल और जिम्मेदारियों को भी आसानी से सम्हाला जा सकता है। इस मौके पर मौजूद सुपरवाईजर कमोद एवं एएनएम असगरी बेगम ने छोटा परिवार खुशियों का आधार का संदेश देकर पहला बच्चा शादी के दो वर्ष बाद, दूसरे में तीन वर्ष का अंतराल रखने। इस दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता मीना लोधी भी मौजूद रहीं।

खबर संक्षेप

## एनआरसी का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने शहरी क्षेत्र दमोह में संचालित संजीवनी क्लीनिक न्यू दमोह दमयंतीपुरम तथा जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र(डीईआईसी) में संचालित एनआरसी पहुँचकर दी जा रही सेवाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एम एण्ड ई बलराम मौजूद रहे।। निरीक्षण में पाया कि आम पोर्टल पर सितम्बर से दी गई सेवाओं की एन्ट्री नहीं की गई है। आम पोर्टल की मासिक रिपोर्ट जून से नहीं भेजी गई है। अनमोल पोर्टल पर भी आवश्यक डाटा एन्ट्री अधूरी पाई गई। इन कमियों को गंभीरता से लेते हुए डॉ. अठया ने डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त मल्टी टॉस्क वर्कर राजुल चौरसिया के दो दिन से अनुपस्थित रहने पर दो दिन की वेतन काटने के निर्देश भी जारी किए।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने में भर्ती बच्चों और उनके अभिभावकों से चर्चा कर उपलब्ध सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उपचार, पोषण आहार, वजन निगरानी एवं परामर्श संवाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए।

## बांसाकला में पानी की समस्या के निराकरण के दिए निर्देश

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर भ्रमण के दौरान ग्राम बांसा कला पहुंचे। यहां ग्राम वासियों ने कलेक्टर से पेयजल समस्या के संबंध में अवगत कराते हुए कहा कि यहां पानी की बहुत समस्या है, इसका आप निराकरण करवा दें। कलेक्टर श्री कोचर नें तत्काल कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को फोन लगाया और यहां की समस्या के बारे में चर्चा करते हुए त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। कार्यपालन यंत्री और ग्राम वासियों की कलेक्टर ने अपने मोबाइल से माइक ओपन कर उनकी बात कराई, उनकी समस्याएं अधिकारी ने भी सुनी और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री ने बताया कि एक माह के अंदर यहां की पानी की समस्या का निराकरण सुनिश्चित कर लिया जाएगा, इस पर लगातार काम चल रहा है। कलेक्टर ने कहा यहा जो भी समस्या है, तत्परता से उनका निराकरण किया जायें।

### बीएलओ की कर्तव्यनिष्ठा, परिश्रम और समर्पण से यह महत्त्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक होगा पूरा - कलेक्टर

# एसआईआर: बीएलओ को औसतन 75 से 100 फॉर्म प्रतिदिन अपलोड करने का लक्ष्य निर्धारित

### आगामी 10 से 15 दिन बेहद महत्वपूर्ण उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य तेज गति से प्रगति पर है। यह प्रक्रिया 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक संचालित की जा रही है। इस अवधि में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए गए हैं, जिन्हें अब एकत्र कर डिजिटाइज्ड रूप में भरने का कार्य जारी है। उन्होने कहा जिले में 9 लाख 92 हजार से अधिक मतदाता हैं और निर्धारित समय-सीमा में सभी कार्यवाही पूर्ण करना बड़ी चुनौती है, लेकिन जिले की पूरी टीम एक साथ खड़ी है और तेजी से काम कर रही है। उन्होंने बताया कि पहली बार बीएलओ का दायित्व निभा रहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं भी उत्साह के साथ काम कर रही हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी बीएलओ से धैर्य व संयम के साथ कार्य करने का आग्रह करते हुए कहा डिजिटाइजेशन कार्य में सहयोग के लिए बीएलओ सहायकों एवं अन्य कर्मचारियों की भी तैनाती की गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन निरंतर फेसबुक लाइव के माध्यम से भी बीएलओ से संवाद कर रहा है। उन्होंने बताया कई बीएलओ प्रतिदिन 400 तक फॉर्म डिजिटाइज कर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम पूर्ण होते ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आगामी 10–15 दिन बेहद महत्वपूर्ण हैं। 30 नवंबर तक अधिकतम कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रत्येक बीएलओ को औसतन 75–100 फॉर्म प्रतिदिन अपलोड करने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होने कहा यह कार्य जिले की परफॉर्मेंस और देश की प्रतिष्ठा से जुड़ा है। बीएलओ की कर्तव्यनिष्ठा, परिश्रम और समर्पण से यह महत्त्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूरा होगा और जिला एक टीम स्पिरिट के साथ पूरे देश में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

## रात में सिंग्रामपुर पहुँची तहसीलदार, मोबाइल की रोशनी में भरवाए फ़ॉर्म



**सिंग्रामपुर।** जबेरा तहसीलदार सोनम पांडे सोमवार देर रात सिंग्रामपुर के वार्ड क्रमांक 123 पहुँचीं, जहाँ उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण सर्वे (SIR सर्वे) की जमीनी स्थिति का निरीक्षण किया। सर्वे कार्य रात तक चलता रहा, जहाँ राजस्व अमला, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और वीएलओ मोबाइल की रोशनी में फ़ॉर्म भरते नज़र आए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने जहाँ-जहाँ सर्वे कार्य में दिक्कतें मिलीं, उन्हें मौके पर ही हल कराया और टीम द्वारा की जा रही मेहनत की सराहना भी की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही-सही दर्ज हो। इस दौरान पटवारी देवेंद्र जाटव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता किरण जैन, सहायिका प्रभा बाई, कमल रानी सहित अन्य राजस्व और सर्वे टीम मौजूद रही।

### शादी कर झारखंड उड़ीसा से आई बहूएं सर्वाधिक परेशान

## 2003 की वोटर लिस्ट में नाम खोजना बना चुनौती

**हटा।** देश के 12 राज्यों में जारी एसआईआर यानि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत हटा विधानसभा क्षेत्र में भी सभी मतदाताओं की जानकारी जुटाई जा रही है, लेकिन इस प्रक्रिया के दौरान कई प्रकार की समस्याएं भी देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां प्रक्रिया शुरू होने पर बीएलओ द्वारा घर-घर फार्म पहुंचाए जा रहे हैं। वहीं 2003 की सूची में अपना नाम खोजना भी मतदाताओं के लिए टेढ़ी खीर बन गया है। मतदाता अपनी जानकारी के लिए अपने नगर के वार्ड व गांव के बीएलओ को फोन कर रहे हैं। जिससे कर्मचारियों का काम भी बढ़ गया है। वहीं झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल सहित अन्य राज्य एवं जिले से शादी कर हटा क्षेत्र में आई महिलाओं को सर्वाधिक दिक्कतें देखने को मिल रही है। उन्हें 2003 की सूची से अपना मतदाता क्रमांक देना अनिवार्य है, ऐसे में उन्हें उस क्रमांक के लिए जद्दोजेहद करना पड़ रहा है। हालांकि प्रशासनिक स्तर से यह कहा जा रहा है कि बीएलओ हर मतदाता को फार्म भरने में मदद करेगा, लेकिन अब तक बीएलओ अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए हर घर में सदस्यों के अनुसार फार्म छोड़ने का ही काम कर रहे हैं। जबकि निर्वाचन आयोग ने यह साफ कर दिया है कि बीएलओ स्तर के कर्मचारी हर घर में कम से कम तीन बार दस्तक देंगे।

### सूची ऑनलाइन, फोन पर दिखेगा नाम

हालांकि निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए 2003 की मतदाता सूची को अपने ऑनलाइन पोर्टल में डाल दिया है। वोटर घर बैठे ही निर्वाचन आयोग की वेबसाईट पर जाकर अपना नाम खोज सकते हैं। हालांकि इसके लिए मतदाताओं को 2003 में उनके मतदान केंद्र की जानकारी होना चाहिए।

**विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य-** उन्होंने कहा निर्वाचक नामावली का घर-घर जाकर वास्तविक भौतिक नामांकन करना। इसके अंतर्गत बूथ स्तर अधिकारी (**BLO**) सीधे प्रत्येक घर पहुँचकर मतदाता की वास्तविकता, पते, पहचान, निवासऔर पात्रता की पुष्टि करते हैं। यह प्रक्रिया सामान्य संक्षिप्त पुनरीक्षण से कहीं अधिक व्यापक और सघन होती है, क्योंकि इसमें यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी पात्र नागरिक सूची से बाहर न रहे और कोई अपात्र व्यक्ति शामिल न हो। **BLO** द्वारा पहले से प्रिंट फॉर्म प्रत्येक मतदाता को दिया जाता है, जिसमें मतदाता का नाम, ईपिक**EPIC** नंबर, पता, मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र तथा फोटो जैसी जानकारी पहले से मुद्रित रहती है। मतदाता को यह जानकारी जाँचकर, आवश्यक संशोधन सहित **BLO** को लौटा देना होता है। ऑनलाइन फॉर्म भरने की सुविधा भी उपलब्ध है और ऐसे फॉर्म **BLO** के मोबाइल ऐप पर स्वतः प्राप्त हो जाते हैं, जिनका सत्यापन घर-घर भ्रमण के दौरान किया जाता है। गृह-भ्रमण 04 नवंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 तक निर्धारित किया गया है। इस अवधि में **BLO** प्रत्येक मतदाता से संपर्क के लिए कम से कम तीन बार जाएगा। यदि कोई मतदाता उपलब्ध नहीं होता, तो **BLO** पड़ोसियों से तथ्य संग्रह कर उसे **Absent**, **Shifted**, **Death** या **Duplicate** श्रेणी में चिह्नित कर सकता है। जिन मतदाताओं के फॉर्म वापस नहीं आते, उनकी सूची पंचायत भवन, शहरी निकाय, ब्लॉक कार्यालय तथा **CEO** वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाएगी, ताकि कोई भी नागरिक अपने या अपने परिवार से संबंधित स्थिति की पुष्टि कर सके।

## एसडीएम पथरिया को और कर्मचारी संलग्न किये जाने दिये निर्देश



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज पथरिया विकासखण्ड के ग्राम खोजाखेड़ी एवं बांसाकला के स्वास्थ्य शिविरों का जायजा लिया। उन्होंने गर्भवती महिलाओं के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी से विस्तृत जानकारी ली तथा लापरवाही बरते जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये सख्त निर्देश दिये। आप इस भ्रमण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर बांसाकला पहुंचे। उन्होंने यहां पर ड्यू लिस्ट के अनुसार गर्भवती महिलाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि जो महिलाएं केंद्र पर न पहुंचे उनसे संपर्क कर बुलाया जाए। इस संबंध में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर पथरिया से भी चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए तदानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए कहा। इसके पूर्व कलेक्टर श्री कोचर खोजाखेडी के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पहुंचकर गर्भवती माता की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अभी बॉसाकला का निरीक्षण किया है, इसके पूर्व खोजाखेड़ी में लगे स्वास्थ्य शिविर का भी निरीक्षण किया था। विशेष गहन पुनरीक्षण (**SIR**) का अभी काम चल रहा है और कड़े निर्देश दिये है, समय सीमा में कार्य पूरा करना है। उन्होंने कहा अभी जो प्रगति है संतोषजनक नहीं है, इन्होने सारी टीम को डिप्लोय कर दिया है, मुझे लगता है कल से कार्य में प्रगति आने लगेगी। खोजाखेड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता बीएलओ गायत्री ठाकुर ने बताया उनके द्वारा 300 फार्म बांटे गये हैं 50 फार्म बापिस आये हैं, वेबसाईट पर 141 फीड हो गये हैं, कुल 770 वोटर हैं, आज 290 फार्म फीड वेबसाईट में हो जायेंगे। इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने एसडीएम पथरिया निकेत चौरसिया को ग्राम बांसाकला में कार्यरत टीम के साथ अतिरिक्त कर्मचारी डिप्लाय करने के निर्देश देते हुये तहसीलदार बृंदेश पांडे से कहा यहां पर मौजूद रहकर काम में गति लाना सुनिश्चित किया जाये ।

खबर का असर

## सीधी सड़क पर बनी रिटर्निंग वॉल पर हुआ मुरम का पुराव मार्ग अब हुआ सुरक्षित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बांदकपुर मुख्य मार्ग से रियाना की ओर लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए बनाई गई रिटर्निंग वॉल बीते एक पखवाड़े से सड़क किनारे खुली पड़ी थी। ठेकेदार द्वारा पुराब कार्य अधूरा छोड़ देने के कारण यह स्थान दुर्घटना का कारण बन गया था। स्थानीय ग्रामीणों में इस लापरवाही को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही थी। 17 नवंबर के अंक में प्रकाशित समाचार "रिटर्निंग वॉल निर्माण के बाद पुराब कार्य भूला ठेकेदार" ने विभाग को सक्रिय कर दिया। खबर सामने आने के बाद विभाग के अधिकारी हरकत में आए और तत्काल मौके पर सब इंजीनियर हिमांशु पवार ने जेसीबी मशीन भेजकर खुली पड़ी रिटर्निंग वॉल के आसपास मुरम डालकर पुराब कार्य पूर्ण कराया गया। रिटर्निंग वॉल की साइट पर सड़क को हुए भराव से अब आवागमन पूरी तरह सुरक्षित हो गया है। ग्रामीणों ने राहत की सांस लेते हुए कहा कि अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद ही उनकी समस्या का समाधान हो पाया। उन्होंने इस त्वरित कार्रवाई के लिए समाचार पत्र को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुराब कार्य नहीं होता, तो किसी भी दिन सड़क पर बड़ा हादसा हो सकता था। समाचार प्रकाशित होने के असर से विभाग की लापरवाही दूर हुई और मार्ग फिर से सुरक्षित बन गया।

## सहकारिता ही मछुआरे भाइयों की समृद्धि का एकमात्र आधार- सौरभ कोठिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह अंतर्गत राष्ट्रीय सहकारी नीति पारिस्थितिकी तंत्र भारत की सहकारिताओं के लिए संरचित रोड मैप विषय पर सहकारिता विभाग व मत्स्य उद्योग विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में मत्स्योद्योग सहकारी समितियों के अध्यक्ष प्रशासक व सदस्यों की कार्यशाला का आयोजन मत्स्योद्योग कार्यालय दमोह में किया गया। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त सहकारिता सौरभ कोठिया रहे। अध्यक्षता सुरेंद्र कुर्मी सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने की। विशिष्ट अतिथि मानव जीवन विकास समिति की दीक्षा राजपूत व घनश्याम रैकवार रहे। संचालन सहकारी संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीव दुबे ने किया। मुख्य वक्ता सी.एस. झा (वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक), ऋषिकांत पाठक व दीक्षा ठाकुर रहे। मुख्य अतिथि श्री कोठिया ने मत्स्य उद्योग सहकारी समिति के गठन, संचालन व कार्य प्रणाली की जानकारी दी । ऋषिकांत पाठक ने मछली के बीज की गुणवत्ता, तालाब में बीज छोड़ने एवं उनके रखरखाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में हेमलता, भारत सिंह ,महेंद्र सिंह जितेंद्र यादव, अशोक रैकवार , मुन्ना सिंह, कमल सिंह, दुर्जन सिंह, पवन सिंह, सरमन सिंह, छोटेलाल ,नरेंद्र सिंह, लाल सिंह व प्रभात सिंह आदि मछुआरे व किसान भाइयों की उपस्थिति रही।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर कु. क्रांति गौड़ का सांसद श्री लोधी ने किया स्वागत



**दमोह।** सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने दमोह संसदीय क्षेत्र की बड़ामलहरा विधानसभा अंतर्गत घुवारा की बेटी अंतरराष्ट्रीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी क्रांति गौड़ का तहसील ग्राउंड, दमोह में आयोजित स्वदेशी मेला में स्वागत कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सम्मान किया एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, महेश पटैल, रामेश्वर चौधरी जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक मौजूद रहें।

## पत्नी के पहले पति ने की दूसरे पति की हत्या के मामले में न्यायालय ने सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**हटा ।** माननीय न्यायाधीश श्री सुनील कुमार कौशिक के द्वारा हटा सत्र न्यायालय के सत्र प्रकरण क्रमांक 122/22 अंतर्गत धारा 302,449, भा द वि में निर्णय पारित करते हुए आरोपी सरमन आदिवासी को धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 5000/रु के अर्थदंड तथा धारा 449 में 10 वर्ष साश्रम कारावास एवं 2000/रु के अर्थदंड से दंडित किया गया। प्रकरण की जानकारी देते हुए दिलीप सिंह ठाकुर अति, लोकअभियोजक हटा द्वारा बताया गया कि फरियादिया रेशमा आदिवासी दुबे दिनांक 6 जुलाई 2022 को रात्रि 10 बजे अपने बच्चों एवं दूसरे पति माधव दुबे के साथ बिस्तर लगा कर जमीन पर सो गई कि रात्रि 12 साढ़े 12 बजे के लगभग फरियादिया का पहला पति सरमन आदिवासी आया और उसने बाहर से दरवाजे में अंदर हाथ डालकर दरवाजे की कुंडी खोली और घर के अंदर घुसकर अपने हाथ में ली हुई कुल्हाड़ी को माधव दुबे की गर्दन में मारी जिससे माधव दुबे की गर्दन में कट कर खून बहने लगा आवाज सुनकर माधव दुबे की बाजू में सो रही उसकी पत्नी रेशमा आदिवासी दुबे कमरे में जल रहे बल्ब के उजाले में देखा कि उसका पूर्व पति सरमन आदिवासी खड़ा है एवं उसके दूसरे पति माधव दुबे की गर्दन में कुल्हाड़ी फंसी है एवं खून निकल रहा है। फरियादिया द्वारा अपने पूर्व पति को पकड़ने का प्रयास किया गया परन्तु सरमन आदिवासी भाग निकला। फरियादिया द्वारा घटना की जानकारी अपने जेठ एवं सास को दी गई तथा पुलिस को भी सूचना दी गई। थाना प्रभारी मगरोंन मनोज यादव द्वारा तुरन्त घटना स्थल पहुंच कर संबंधित कार्यवाही करते हुए थाना मगरोंन के अपराध क्रमांक 122/22 अंतर्गत धारा 302,449 भादवि में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई। प्रकरण में जप्त शुदा कुल्हाड़ी पर लगे मृतक के खून एवं आरोपी के फिंगर प्रिंट तथा प्रकरण में आए साक्ष्य के आधार पर माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश सुनील कुमार कौशिक द्वारा आरोपी सरमन आदिवासी को धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 5000/रु के अर्थदंड तथा धारा 449 में 10 वर्ष के कारावास एवं 2000/रु के अर्थदंड से दंडित किया गया। शासन की ओर से पैरवी *दिलीप सिंह ठाकुर अति. लोक अभियोजक* हटा द्वारा की गई।

## नेत्र रोग परिक्षण शिविर सम्पन्न

**हिण्डोरिया।** सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर पर 16 नवंबर 2025 दिन रविवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 04 बजे तक एक दिवसीय निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन एवं नेत्र रोग परिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस सम्बन्ध में नेत्र रोग सहायक डॉ. अभय शुक्ला एवं नर्सिंग स्टाफ भूपेन्द्र कश्यप आदि ने बताया कि शिविर में 20 से अधिक मरीजों का नेत्र रोगों का परिक्षण किया गया।

## नरेन्द्र चौधरी का निधन

**दमोह।** शहर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं श्री दिगम्बर जैन पंचायत दमोह के पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र जैन चौधरी गत दिवस देवलोक गमन हो गया है। उनके निधन से संपूर्ण जैन समाज में शोक की लहर दौड गई। उनकी अंतिम यात्रा में हर वर्ग के नागरिकों ने शामिल होकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कलेक्टर समाधान में 7 प्रकरणों की हुई सुनवाई, 4 का हुआ मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया हर सोमवार को आयोजित होने वाली कलेक्टर समाधान पहल को शुरू हुए दो महीने हो चुके हैं। इस पहल के तहत सीएम हेल्पलाइन के पुराने और हितग्राही मूलक मामलों का समाधान प्राथमिकता से किया जा रहा है। आज की बैठक में कुल सात प्रकरणों की सुनवाई की गई, जिनमें से चार मामलों का निराकरण मौके पर ही किया गया। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया बटियागढ़ के मामले में एमपीईबी द्वारा त्रुटिपूर्वक ली गई राशि वापस कर दी गई, जिससे शिकायतकर्ता संतुष्ट हैं। पटेरा के स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित मामले में पीपीओ जारी कर पेंशन स्वीकृत कर दी गई है। पथरिया के ग्रेज्युटी भुगतान से जुड़े प्रकरण में भी राशि खाते में जमा हो गई, जबकि तेंदूखेड़ा के राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अंतर्गत भुगतान आज शाम तक कर दिया जाएगा। उन्होने बताया तीन प्रकरण ऐसे हैं जिनमें कार्यवाही शेष है। दमोह शहर के प्रधानमंत्री आवास योजना के मामले में तीसरी किश्त में समस्या आई है, जिसके लिए जियो टैगिंग के निर्देश दिए गए हैं। जबेरा के समग्र आईडी से संबंधित तकनीकी समस्या का समाधान भोपाल स्तर पर किया जाएगा और आज ही पत्र भेजा गया है। हटा के अनुभव प्रमाण पत्र से जुड़े मामले में आवेदक की उपस्थिति आवश्यक बताई गई। यदि सात दिन के भीतर आवेदक उपस्थित नहीं होता है, तो प्रकरण समाप्त कर दिया जाएगा।

## सिंघाड़े की खेती बनी ग्रामीणों की ताकत

### तालाब–पोखरों में तोड़ाई शुरू, किसानों की चमकी किस्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के ग्रामीण अंचलों में सिंघाड़े की खेती गरीब तबके से लेकर सक्षम किसानों तक के लिए मजबूत आजीविका का साधन बनती जा रही है। क्षेत्र के तालाबों और पोखरों में तैयार हुई फसल की तोड़ाई इन दिनों तेजी पर है। ग्रामीण किसान हो या बड़े कृषक—सभी वर्ग के लोग सिंघाड़े की खेती से अच्छा आर्थिक लाभ कमा रहे हैं। जुझार गांव में शुभम असाटी भोलू के बगीचे सहित कई तालाबों में सिंघाड़े की फसल इस समय पूरी तरह पक चुकी है। किसानों का कहना है कि रोपाई बारिश के मौसम में की गई थी। हालांकि इस बार अच्छी वर्षा होने के बावजूद खेतों में सिंघाड़े की खेती का रकबा अपेक्षाकृत कम रहा, लेकिन बाजार में मिल रहे अच्छे दाम ने किसानों की मेहनत की भरपाई कर दी है। लक्ष्मण रैकवार ग्रामीणों ने बताया कि यहां उगाया जाने वाला सिंघाड़ा अहमदाबाद तक भेजा जाता है, जिससे किसानों को बाहर की मंडियों से भी लाभ मिलता है। वर्तमान में सिंघाड़े का भाव 2700 से 3000 रुपये प्रति क्विंटल तक पहुंच रहा है, जो पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर है। किसानों का कहना है कि इस बार फसल थोड़ी लेट हुई है, जिसकी तोड़ाई जनवरी तक चलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों में कम बारिश के कारण सिंघाड़े की खेती घाटे का सौदा साबित हुई थी। तालाबों में पानी की कमी से उत्पादन प्रभावित हुआ था, लेकिन इस वर्ष समय पर और पर्याप्त वर्षा होने से फसल मजबूत हुई है। किसानों का कहना है कि बेहतर उत्पादन और अच्छा बाजार भाव मिलने से परिवार की जरूरतें और खेत–खलिहान के खर्च आसानी से पूरे हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सिंघाड़े की खेती लगातार लोकप्रिय हो रही है और आने वाले समय में अधिक किसानों द्वारा इसे अपनाने की संभावना बढ़ गई है।